प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 94 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 01 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

खोई हुई प्रतिष्ठा को वापस पाने की चुनौती है भाजपा के लिये बरघाट विधानसभा

डॉं ढालसिंह बिसेन ने बरघाट से कई कांग्रेसी दिग्गजो को किया परास्त, हमेशा दस प्रतिशत अधिक मत प्राप्त किये

बरघाट विधानसभा वर्ष 1990 से भाजपा के कब्जे में रही है और इस विधानसभा में कांग्रेस ने अनेक दांव पेंच लगा लिये परंतु भाजपा से वापस लेने में कांग्रेस को बड़ी मशक्कत करना पड़ी। वर्ष 1990 के विधानसभा चुनाव में पूरे देश में राम लहर चल रही थी। भाजपा का तत्कालीन नेतृत्व प्रतिष्ठित व्यापारी और जनसंघी किशोर कुमार आसर को भाजपा का प्रत्याशी बनाना चाहते थे परंतु किशोर आसर ने चुनाव लड़ने से साफ इंकार कर दिया था और बरघाट के तत्कालीन भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण सिंह ठाकुर ने डॉं. ढालसिंह बिसेन का नाम आगे कर दिया डॉं विसेन ने बहुत ना नुकर के बाद उ मीदवारी स्वीकार की। उ मीदवारी स्वीकार करने के बाद राम मंदिर आंदोलन से जुड़े कार्यकर्त्ता उत्साह से चुनाव अभियान में जुट गये और इसी बीच बरघाट कांग्रेस के नेता अनिल सिंह ठाकुर ने डॉं. बिसेन को जनसंपर्क के दौरान जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का दुःसाहस कर दिया और यह बात क्षेत्र में आग की तरह फैल गयी इसके बाद` या था संबंधित पवार समाज के स्थापित नेता भी डॉं ढालसिंह बिसेन को चुनाव जिताने के लिये जी तोड़ मेहनत करने में जुट गये और यह वह समय था जब बरघाट विधानसभा से विधायक श्रीमती प्रभा भार्गव के सुपुत्र सुनील भार्गव के संरक्षण कुछ कांग्रेसी नेता विधानसभा क्षेत्र में आतंक मचाये हुये थे जिनकी कहानी लंबी है, परंतु इन सारे कारणो से कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती प्रभा भार्गव बड़ी मुश्किल से अपनी जमानत बचा पायी उस चुनाव में डॉं बिसेन को 36 711 वोट प्राप्त हुये थे जो कुल मतदान का 56 प्रतिशत मत था और श्रीमती प्रभा भार्गव को 10,959 मत जो कुल मतदान का 17 प्रतिशत था। फिर 1990 से लगातार बरघाट विधानसभा से डॉं ढालसिंह बिसेन विधायक रहे 2008 के विधानसभा चुनाव में बरघाट विधानसभा आराक्षित होने के कारण यहाँ से कमल मर्सकोले भाजपा से प्रत्याशी रहे और वे चुनाव जीते 2013 में भी कमल मर्सकोले ही जीते 2018 में भाजपा ने नरेश बरकड़े को प्रत्याशी बनाया जो कांग्रेस के प्रत्याशी अर्जुन काकोड़िया से चुनाव हार गये।

सिवनी यशो :-बरघाट विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी

(बीजेपी) के नरेश बरकड़ और कांग्रेस के अर्जुन काकोड़िया के बीच मुकाबला था. यहां कांग्रेस के अर्जुन काकोड़िया जीत दर्ज करने में सफल रहे. उन्हें 90,053 वोट मिले 2013 तक इस सीट पर बीजेपी का कब्जा था और कमल मर्सकोले यहां से विधायक थे. लेकिन 2018 के चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा. इस विधानसभा में 1990 से लगातार भाजपा का कब्जा रहा परंतु 2018 में कांग्रेस ने भाजपा के इस अभेद किलों को ध्वस्त कर दिया।

अचानक उ मीदवार बदलना भाजपा के लिये रहा घाटे का सौदा

बरघाट विधानसभा में भाजपा की यहाँ हार के अनेक कारण है जिसमें सबसे अधिक प्रभावी कारण रहा है इस क्षेत्र के विधायक रहे कमल मर्सकोले की उ मीदवारी की घोषणा होने और नामांकन जमा करने के बाद अचानक अंतिम क्षणों में उनकी टिकिट काट कर भाजपा में नये आये व्यक्ति नरेश बरकड़े को भाजपा का उ मीदवार बनाने से भाजपा में भारी नारजगी रही और उसके कारण भाजपा के जल्दबाजी में घोषित हुये प्रत्याशी नरेश बरकड़े चुनाव हार गये। उन्हें भाजपा के

कार्यकर्त्ताओं, नेताओं और आम मतदाताओं की नाराजगी दूर करने का समय ही नहीं मिल पाया। भाजपा के प्रत्याशी नरेश बरकड़े को चुनाव प्रचार का भी इतना सीमित समय मिला कि वे विधानसभा क्षेत्र के अनेक ग्रामों में संपर्क के लिये भी नहीं पहुँच पाये। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के प्रत्याशी अर्जुन सिंह काकोड़िया 2013 का चुनाव बहुत कम मतो से हारे थे

और वे पूरे पांच साल तक जनता के विभिन्न मुद्दों के लिये आवाज उठाते रहे और चुनाव के समय उनके पास एक बढ़िया टीम थी जबकि नरेश बरकड़े अचानक प्रत्याशी बनाये गये थे जिनके पास कांग्रेसी मित्रों की टीम थी परंतु उनका संपर्क और समन्वय भाजपा के कार्यकर्त्ताओं से नहीं हो पा रहा था। इस प्रकार अनेक ऐसे कारण रहे जिससे भाजपा के हाथ से बरघाट विधानसभा दूर हो गयी।

कांग्रेस का कार्यकाल जनता को नहीं आया रास

आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव में अनेक ऐसे मुद्दे है जिनके कारण कांग्रेस को नुकसान हो सकता है कांग्रेस के विधायक अर्जुन सिंह काकोड़िया जिन समस्याओं निराकरण के वायदे कर जीत करने में सफल रहे उन समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। लालमाटी सहित बरघाट क्षेत्र में पेंच नहर का पानी सिचाई के लिये उपलब्ध कराने की उनकी घोषणा रही है परंतु इस संबंध में उन्होंने कांग्रेस की सरकार रहते हुये और फिर भाजपा की सरकार आने पर भी कोई प्रयास नहीं किये। वहीं कांचना मंडी जलाशय की नहर निर्माण व्यापक अनियमित्ताएँ हुई उस संबंध में भी विधायक काकोड़िया की लंबी चुप्पी रही। बरघाट नगर मु यालय में 1989 में महाविद्यालय स्थापित हुआ जहाँ भाजपा विधायकों के कार्यकाल छात्रों की सुविधा की दृष्टि से कुछ न कुछ होते रहा है परंतु वर्तमान विधायक छात्रों के प्रति उदासीन रहे।

भाजपा की अंतर्कलह से बरघाट में भाजपा की मुश्किले

हालांकि बरघाट विधानसभा में भाजपा के लिये भी स्थितियाँ अनुकूल नहीं है। यहाँ से कांग्रेस की ओर से अर्जुन काकोड़िया ही 2023 में प्रत्याशी होंगे यह लगभग निश्चित है यह बात समझकर कांग्रेस के नेता तीरथ बट्टी गोंगपा में शामिल हो गये अब कांग्रेस में अन्य कोई दावेदार नहीं है एक समय था जब कांग्रेस से 17 कांग्रेसी दावेदारी करते थे परंतु अनेक दलों से यात्रा पूरी कर कांग्रेसी हुये अर्जुन सिंह काकोड़िया अब कांग्रेस के प्रमुख हो गये है और वही इस विधानसभा से प्रत्याशी होंगे यह लगभग तय है। वहीं भाजपा में इस समय अनेक दावेदार है सभी अपनी दावेदारी को लेकर पूरी ताकत से जुटे है बरघाट विधानसभा से दो बार विधायक रहे कमल मर्सकोले पूरी तरह आज भी आशांवित है कि भाजपा से उन्हें उ मीदवारी का अवसर प्राप्त होगा और उनके समर्थक भी प्रयास कर रहे है तो भाजपा के नेता अशोक तेकाम, डॉं श्याम सिंह कुमरे, महादेव तेकाम और महादेव तेकाम के सुपुत्र राकेश तेकाम, पिछला चुनाव हारे नरेश बरकड़े, प्रभु पंद्रे, सहित अन्य भाजपा के आदिवासी नेता बरघाट से उ मीदवारी कर रहे है। बरघाट में भाजपा की उ मीदवारी को लेकर काफी बगरोना होने की भी संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

गोंगपा की रहेंगी प्रभावी भूमिका

वहीं इस बार गोंगपा भी अपनी ताकत के जलवे बरघाट विधानसभा में दिखा सकती है। कुरई विकासखंड का आदिवासी वर्ग भाजपा और कांग्रेस से संतुष्ट नहीं हैं। संभव है इस वर्ग का मतदाता एकतरफा गोंगपा के पाले में चला जायें गोंगपा के अंदरखाने में चर्चा तो यह भी है कि कांग्रेस के स्थापित नेता तीरथ सिंह बट्टी जिन्होंने हाल ही में गोंगपा का दामना थामा है वे गोंगपा की ओर से प्रत्याशी हो सकते है संभावना तो यह भी है कि भाजपा से उ मीदवारी कर रहे एक नेता को यदि भाजपा से टिकिट नहीं मिली तो वह भी गोंगपा की ओर रूख कर सकते है। गोंगपा ओर से कांग्रेस आये तीरथ सिंह बट्टी को उ मीदवारी मिले या भाजपा की ओर से जिन एक नेता के जाने की संभावना है उन्हें गोंगपा उ मीदवार बनाये दोनों स्थितियों में चुनावी समीकरण बुरी तरह प्रभावित होने का अनुमान है जहाँ अनुसूचित जन जाति वर्ग का मतदाता गोंगपा को सीधे तौर पर सपोर्ट करने की मानसिकता में है वहीं भाजपा और कांग्रेस के असंतुष्ट मतदाता भी गोंगपा को सपोर्ट कर सकते है। हालांकि गोंगपा का अभी तक जो रिकार्ड रहा है उसके अनुसार उसे कुल मतदान का एक प्रतिशत वोट ही हासिल हुआ है गोंगपा के जीतने की संभावनाएँ तो नहीं है परंतु अधिक मत लेकर किसे नुकसान पहुँचायेगी यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

1990 से 2018 तक के चुनावी आंकडे, कांग्रेस लगातार रही कमजोर

1990 में भाजपा के प्रत्याशी डॉं. ढालसिंह बिसेन को 36711 मत मिले जो कुल मतदान का 56 प्रतिशत था जबकि कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती प्रभा भार्गव को 10959 मत प्राप्त हुये थे जो कुल मतदान का 17 प्रतिशत था। इस प्रकार कांग्रेस को भाजपा से 39 प्रतिशत मत कम प्राप्त हुये थे।। वर्ष 1993 में हुये निर्वाचन में भाजपा के प्रत्याशी डॉं ढालसिंह बिसेन को 41890 मत प्राप्त हुये जो कुल मतदान का 53 प्रतिशत था और कांग्रेस के प्रत्याशी पं. महेश प्रसाद मिश्रा को 29898 मत प्राप्त हुये जो कुल मतदान का 38 प्रतिशत था जो भाजपा को मिले मतो से 15 प्रतिशत कम था। वर्ष 1998 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉं. ढालसिंह बिसेन को 40033 मत प्राप्त हुये जो कुल मतदान का 45 प्रतिशत था जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी रहे महानंद रांहगडाले को 29485 मत प्राप्त हुये जो कुल मतदान का 33 प्रतिशत था। इस चुनाव में भी कांग्रेस को 12 प्रतिशत मत कम प्राप्त हुये थे। वर्ष 2003 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी डॉं डालसिंह बिसेन 46782 मत प्राप्त हुये जो कुल मतदान का 45 प्रतिशत था और कांग्रेस के प्रत्याशी भोयाराम चौधरी को 33421 मत प्राप्त हुये जो कुल मतदान का 32 प्रतिशत था अर्थात यहाँ भी कांग्रेस को 13 प्रतिशत कम प्राप्त हुये।

वर्ष 2008 में बरघाट विधानसभा परिसीमन के कारण आरक्षित हो गयी और 2008 के चुनाव में कमल मर्सकोले बरघाट विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी बनाये गये और इन्हें 61753 मत प्राप्त हुये जो कुल मतदान का 45 प्रतिशत था वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी तीरथ बट्टी को कुल 34 प्रतिशत मत प्राप्त हुये जो भाजपा से 11 प्रतिशत कम था। वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा से पुन कमल मर्सकोले प्रत्याशी बनाये गये जिन्हें कुल मत 77122 प्राप्त हुये जो कुल मतदान के 47 प्रतिशत था और कांग्रेस के प्रत्याशी अर्जुन काकोड़िया को 76853 मत प्राप्त हुये जो कुल मतदान का लगभग 47 प्रतिशत था बरघाट विधानसभा में इस चुनाव में महज 259 मतो का अंतर रहा ओर भाजपा के कमल मर्सकोले जीत दर्ज करने में सफल रहे।

वर्ष 2018 में हुये विधानसभा चुनाव में परिस्थितियाँ बदली और भाजपा ने अपने घोषित प्रत्याशी कमल मर्सकोले को नामांकन के अंतिम क्षणों में बदल दिया और नरेश बरकड़े को प्रत्याशी बनाया भाजपा कार्यकर्त्ताओं के असंतोष और गहमागहमी को नरेश बरकड़े संभालने में सफल नहीं हो पाये और कांग्रेस के प्रत्याशी अर्जुन काकोड़िया से चुनाव हर गये। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अर्जुन काकोड़िया को 90053 मत प्राप्त हुये जो कुल मतदान का 48 प्रतिशत था और भाजपा के नरेश बरकड़े को 82526 मत प्राप्त हुये जो कुल मतदान का 44 प्रतिशत रहा।

जलसंसाधन विभाग में उपयंत्री की हुई नियुक्ति

छपारा यशोः- केवलारी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राकेश पाल सिंह जी के प्रयासों से किसानों की मांग एवं किसानों के हित में जल संसाधन विभाग में हुई उपयंत्री की नियुक्ति।

जल संसाधन विभाग भीमगढ़ बांध अंतर्गत तिलवारा बायीं तट नहर संभाग केवलारी में कर्मचारियों की कमी को देखते हुये।केवलारी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राकेश पाल सिंह के प्रयासों से किसानों के हित एवं किसानों की मांग पर मध्यप्रदेश शासन शासन जल संसाधन विभाग मध्यप्रदेश आदेश अनुसार तिलवारा बायीं तट नहर संभाग केवलारी में चार उपयंत्री एवं एक सहायक यंत्री की पदस्थापना की गई सभी उपयंत्री एवं सहायक यंत्री ने अपना पदभार ग्रहण किया।भीमगढ़ दायी नहर उपसंभाग क्रमांक 03 कान्हीवाड़ा में उपयंत्री श्री सतेंद्र कुमरे ने, भीमगढ़ दायीं तट नहर उपसंभाग क्रमांक 05 केवलारी में उपयंत्री श्री भरत सिंह उइके ने,तिलवारा बायीं तट नहर उपसंभाग क्रमांक 03 केवलारी में उपयंत्री श्री नीलेश कुमार इनवाती ने,तिलवारा बायीं तट नहर उपसंभाग केवलारी में उपयंत्री श्री सुभाष भलावी ने एवं सहायक यंत्री सुश्री आयुषी पाँचपाण्डे में पदभार ग्रहण किया।सभी उपयंत्री एवं सहायक यंत्री के पदभार ग्रहण करने पर केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह जी एवं केवलारी विधानसभा क्षेत्र के किसान भाइयों ने किसान हितैषी माननीय मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी का आभार व्यक्त किया।

बस आपरेटर संघ की बैठक, समस्याओं पर हुई चर्चा

सिवनी यशोः- जिला बस ऑपरेटर संघ की बैठक प्रायवेट बस स्टेंड में जिलाध्यक्ष तेजबली सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में बालाघाट एवं मंडला मार्ग में संचालित होने वाली बसों को लेकर बस संचालको ने अपनी समस्या रखे।

दूर मार्ग से जाने पर संचालको पर अतिरिक्त बोझ

बस संचालकों का कहना है कि सिवनी से बालाघाट एवं मंडला की ओर जाने वाली बस जिला कलेटर की भावना को ध्यान में रखते हुए बायपास मार्ग से होतेहुए इस मार्ग से जा रही है, बायपास मार्ग से बसे जाने से लगभग 12 से 15 किमी इन बसों का मार्ग बढ जा रहा है साथ ही लगभग 500 -700 रूपये का अतिरिक्त डीजल भी लग रहा है जिसका भार बस मालिकों पर पड़ रहा है।

बारिश में नहीं मिलती सवारी

ज्ञातव्य है कि इन दिनों शादी विवाह के कार्यक्रम देवउठनी ग्यारस तक बंद है वही बारिश के चलते सवारिया बसों में नाम मात्र की सफर कर रही है। इस समस्या के कारण बस संचालकों को बसों का संचालन कठिन हो रहा है।

अवैध कमांडर भी बढ़ी

इतना ही नहीं मंडला एवं बालाघाट मार्ग में बसे बंद करने के बाद इन मार्गो में अवैध कमांडर सहित अन्य वाहनों की सं या बढ़ गई जिसको लेकर आटीओ के अधिकारियों को भी सूचित किया गया लेकिन परिणाम सिफर निकले।

बस के पहिये थमेंगे

बस ऑपरेटरों ने कहा है कि अगर इस समस्या का दो दिन में हल नहीं निकाला गया तो बस आपरेटर इस मार्ग में अपनी बस बंद कर देंगे और समस्या का समाधान ना होने पर मौन आंदोलन करेंगे।

कावड़ से लाए गए गंगाजल से होगा शिव अभिषेक

कहानी यशोः- सावन मास के प्रारंभ होते ही अर्थात गुरु पूर्णिमा पावन तिथि से ही स्थानीय श्री राम मंदिर कहानी में अखंड रामायण पाठ एवं प्रतिदिन शिव अभिषेक का आयोजन संपन्न होता है श्री राम मंदिर वाले बाबा जी की प्रेरणा से विगत 32 वर्षो से यह क्रम अनवरत प्रति सावंत सोमवार को प्रारंभ होकर कजलियां के दिन समाप्त होता है सावन सोमवार को भक्तों द्वारा कांवड़ के माध्यम से लाए गए गंगाजल (मजगामा) के द्वारा शिव अभिषेक पूजन संपन्न कराया जावेगा प्रतिदिन अलग-अलग भक्तों के द्वारा शिव अभिषेक पूजन में स मिलित हुआ जाता है श्री राम मंदिर के पुजारी अभिषेक पाठक एवं शिव अभिषेक पुजारी संतोष उपाध्याय के माध्यम से वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ संपूर्ण कहानी ग्राम गुंजायमान है` योंकि इस वर्ष पुरुषोत्तम मास के कारण यह संपूर्ण आयोजन 2 माह के लिए संचालित होंगे अतः समिति समस्त ग्राम वासियों को ग्रामीण भाइयों बहनों को इन समस्त धार्मिक आयोजन में स मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित करती है

अधिवक्तागणों से की गयी मासिक चंदा जमाकरने की अपील

सिवनी यशोः- जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिला अभिभाषक संघ सिवनी (म.प्र.) के चुनाव अधिकारी मुकेश अवधिया एडवोकेट द्वारा बताया गया कि जिला अभिभाषक संघ सिवनी (म.प्र.) के द्विवर्षीय कार्यकाल वर्ष 2023-2025 हेतु संघ के चुनाव संपन्न कराये जाने है, चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ किये जाने हेतु संघ के सदस्यों की मासिक चंदा बकाया राशि सूची संघ के सचिव दादू निखिलेन्द्र नाथ सिंह एडवोकेट द्वारा दिनांक 24.07.2023 को जारी कर संघ के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है।

जारी बकाया राशि सूची अनुसार स माननीय अधिवक्तागण अपनी मासिक चंदा बकाया राशि दिनांक 07.08.2023 तक आवश्यक रूप से जमा करने का कष्ट, ताकि चुनाव प्रक्रिया में गति देकर आगामी रूप रेखा तैयार कर संघ के चुनाव स पन्न कराये जा सके।

जिला अभिभाष्क संघ सिवनी (म.प्र.) के चुनाव अधिकारी द्वारा सभी स मानित अधिवक्तागण से चुनाव स पन्न होने तक सभी चुनावी प्रक्रिया में सहयोग की अपेक्षा की जाती है।

मोहर्रम पर अखाड़ो का हुआ प्रदर्शन

सिवनी यशोः-मोहर्रम पर्व के अवसर पर क़ाज़ी वार्ड जिन्ना चौक में अखाड़ो का प्रदर्शन रखा गया जिसमे 10 अखाड़ो ने प्रदर्शन किया। मेजर ध्यानचंद वार्ड से पार्षद एवं सभापति नगर पालिका सिवनी हाजी सुहेल पाशा एवं नगर पालिका अध्यक्ष शफीक़ खान कार्यक्रम अध्यक्ष एवं मु य अतिथी के तौर पर उपस्थित हुए। कार्यकम के समापन पर हाजी सुहेल पाशा, वरिष्ठ कांग्रेसी हाजी सत्तार खान और हाजी वाहेद समर के द्वारा सभी अखाड़ो और खिलाड़ियों को ट्रॉफ़ी वा पुरस्कार दिया गया। आयोजन कर्ता तनवीर अहमद, ईज्जु पाशा, शादाब अहमद फिरदौस पॉपुलर वा काज़ी वार्ड के सभी युवाओ ने सभी अखाड़ो एवं दर्शको का कार्यक्रम की सफलता के लिए आभार माना।।

हरवेन्द्र बघेल को सिवनी परिक्षेत्र का अनैतिक तरीके से दिया जा रहा है प्रभार

सिवनी यशोः- सिवनी दक्षिण वनमंडल के अंतर्गत पदस्थ उपवनक्षेत्रपाल हरवेंद्र बघेल को वन वृत्त सिवनी एवं दक्षिण वन मंडल अधिकारी द्वारा अनाधिकृत ओर अनैतिक तरीके से उपकृत करने की कार्यवाही की जा रही है। सिवनी मु यालय के वन परिक्षेत्र में अनेक प्रकार की शिकायतो के बावजूद हरवेंद्र को प्रभार दिये जाने के आदेश जारी करने की विभागीय चर्चाएँ तेज है। वहीं शिकायत कर्त्ता अलप सिंह सनोडिया ने आरोप लगाया है कि वन विभाग के उच्चाधिकारी हरवेंद्र सिंह बघेल के प्रलोभन में आकर अनैतिक कार्य कर रहे है जो कानून और विभागीय नियमों के विपरीत है। शिकायत कर्त्ता ने कहा है कि हरवेन्द्र सिंह की 2020 में शिकायत की जाँच तत्कालीन एस डी ओ चंद्रिका सिंह द्वारा की गयी थी जिसमें उन्होंने वन संरक्षक सिवनी को प्रतिवेदन सौंपा था जिसमें उन्होंने स्पष्ट उल्लेख किया था कि हरवेंद्र सिंह बघेल को अनैतिक तरीके से पदोन्नति दी गयी है। उन्होंने अपने प्रतिवेदन में लिखा था कि हरवेंद्र बघेल की वरीयता सूची के संबंध में विभागीय अधिकार संपन्न व्यक्तियों द्वारा गड़बडी की गयी है। शिकायत कर्त्ता का आरोप है कि हरवेंद्र सिंह बघेल को दो पदोन्नति अनैतिक तरीके से प्रदान की गयी है उनको वरियता क्रम में लाने के लिये विभागीय अधिकारियों ने दस्तावेजो से छेड़छाड की है जो जाँच अधिकारी के प्रतिवेदन से स्पष्ट है। हरवेंद्र सिंह बघेल की वरियता 16 जनवरी 2003 से होने के स्थान पर उसे 23 जुलाई 1994 किया गया है जो विभागीय नियमों के अनुसार नहीं है। शिकायतकर्त्ता की शिकायत पर वर्ष 2020 में एस डी ओ चंद्रिका सिंह ने जाँच की थी जिसमें हरवेंद्र सिंह बघेल को पदोन्नति देना नियमो के विपरीत पाया गया था जिसकी जाँच को विभागीय अधिकारियों द्वारा दबा दिया गया। उन्ही बिंदुओं की पुनः जाँच एस डी ओ पटेल द्वारा की जा रही है और जिस कर्मचारी की जाँच चल हो जिसे पूर्व की जाँच में दोषी पाया गया हो उसे उसके अधिकार से उच्चा पद का प्रभार देना अधिकारियों की नेक नीयत का परिचायक नहीं है।

जबरन नॉलेज

बंटाढार और करप्शननाथ बताएं, मध्यप्रदेश को कितना पैसा देती थी कांग्रेस की सरकार: अमित शाह

केंद्रीय गृहमंत्री ने बूथ कार्यकर्ता स मेलन में कहा- देश में नंबर-1 है मध्यप्रदेश का पार्टी संगठन

इंदौर। प्रधानमंत्री मोदी जी और शिवराज जी के नेतृत्व वाली भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने मध्यप्रदेश के गांव-गांव, नगर-नगर और हर गली-मोहल्ले तक विकास को पहुंचाया है। मि.बंटाढार और करप्शननाथ प्रदेश की जनता को यह बताएं कि 2004 से 2014 तक जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तो मध्यप्रदेश को कितना पैसा देते थे? कांग्रेस की सरकार महज 2 लाख करोड़ रुपये देती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार 9 सालों से मध्यप्रदेश को 7.5 लाख करोड़ रुपये दे रही है। रेलवे और राजमार्गों के विकास के लिए 1 लाख करोड़ रुपये अलग से दिए हैं। ग्वालियर एयरपोर्ट के विस्तार, रीवा में नए एयरपोर्ट, जबलपुर में नए टर्मिनल, 4000 तालाब और कुल मिलाकर एक हजार मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट के लिए पैसे दिए हैं। भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार मध्यप्रदेश को देश का नंबर-1 राज्य बनाएगी। यह बात केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने रविवार को इंदौर में आयोजित बूथ कार्यकर्ताओं के स मेलन को संबोधित करते हुए कही। स मेलन को केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्रसिंह तोमर, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्री कैलाश विजयवर्गीय, मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया।

देवी अहिल्याबाई के काम को आगे बढ़ा रहे प्रधानमंत्री मोदी जी

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि इंदौर की धरती पर मैं सबसे पहले देवी अहिल्याबाई को प्रणाम करता हूं, जिन्होंने गुलामी के अवशेषों को मिटाने और भारतीय संस्कृति तथा धर्म की पुर्नस्थापना के लिए अभियान चलाया। उन्होंने तीर्थों का जीर्णोद्धार किया, इसीलिए हर तीर्थ के साथ उनका नाम जुड़ा है। उनके इस काम को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के लिए सालों से संघर्ष चल रहा था। बीते 550 सालों में न जाने कितने लोग इस संघर्ष में शहीद हो गए। रामलला टेंट में विराजे थे और कांग्रेस इस मामले को सालों से लटका, अटका और भटका रही थी। प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार बनने के बाद इस मामले को न्यायलयीन प्रक्रिया के माध्यम से सुलझाया गया और अदालत का जब आदेश आया, तो मोदी जी ने राम जन्मभूमि पर बनने वाले भव्य मंदिर का भूमिपूजन किया। उज्जैन का महाकाल महालोक हो, काशी का विश्वनाथ कॉरीडोर हो, चाहे सोमनाथ का मंदिर फिर से बनाना हो, मोदी जी ने हमारे तीर्थों का उद्धार किया है।

भाजपा गरीबों के दिलों की धड़कन, मोदी जी बने मसीहा

श्री अमित शाह ने कहा कि देश में 70 सालों तक कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन गरीबों के लिए कोई काम

नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद गरीबों के लिए जो काम हुए हैं, उनके कारण ही आज भाजपा गरीबों के दिलों की धड़कन और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी गरीबों के मसीहा बन गए हैं। मध्यप्रदेश में जब कमलनाथ की सरकार थी, तो उस सरकार ने किसान स मान निधि योजना के लिए पात्र किसानों के नाम नहीं भेजे। फिर शिवराज जी की सरकार बनी और 10 दिनों में पात्र किसानों की सूची पहुंचा दी गई। आज प्रदेश के 91.90 लाख किसानों को किसान स मान निधि मिल रही है। 60.22 लाख घरों में नल कने शन दिए हैं, 3.6 करोड़ गरीबों को 5 लाख तक का इलाज मु त मिल रहा है। 80 लाख घरों में शौचालय बनाए गए हैं। 1.2 करोड़ परिवारों के लिए प्रति व्यक्ति प्रतिमाह 5 किलो अनाज मोदी जी की सरकार दे रही है और शिवराज जी की सरकार उसे घर तक पहुंचा रही है। 11 लाख बहनों को उज्जवला योजना के गैस कने शन मिले हैं और 53 लाख प्रधानमंत्री आवास के लिए सवा दो लाख करोड़ रुपये हितग्राहियों के खातों में पहुंचाए गए हैं।

कमलनाथ सरकार ने दिला दी थी बंटाढार युग की याद

श्री शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश में कमलनाथ की सरकार 15 महीने चली और इस दौरान कमलनाथ ने उन 51 योजनाओं को बंद कर दिया था, जो गरीबों के लिए बनी थीं। उन योजनाओं का पैसा दूसरे प्रोजे ट में लगा दिया, ताकि ठेकेदारों से कमीशन खाया जा सके। कमलनाथ सरकार प्रदेश में कोई इंडस्ट्री नहीं लाई, लेकिन तबादला उद्योग शुरू कर दिया। उस सरकार ने ` लास वन अफसरों के 18000 तबादले किए और बंटाढार युग की याद दिला दी। श्री शाह ने कहा कि 2003 में भाजपा की सरकार बनी और पहले शिवराज जी तथा बाद में शिवराज जी और मोदी जी की जोड़ी ने एक बीमारू राज्य को विकसित राज्य बना दिया। हर गांव और हर घर में बिजली पहुंचाई तथा सिंचाई का रकबा बढ़ाया। सरकार गेहूं, चावल और मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी कर रही है। श्री अमित शाह जी ने सवाल करते हुए कहा कि श्रीमान बंटाढार और करप्शननाथ जी बताइए आप मध्यप्रदेश में कितना बजट छोड़कर गए थे? आप मध्यप्रदेश में 23 हजार करोड़ का बजट छोड़कर गए थे और 2023 में मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने इसे 3.14 लाख करोड़ तक पहुंचा दिया है। सर्वशिक्षा अभियान का बजट 8 गुना बढ़ा है, एससी, एसटी और ओबीसी का बजट 60 गुना बढ़ा है। औद्योगिक विकास दर जो उस समय माइनस में रहती थी, अब 24 प्रतिशत है। कृषि विकास दर 18 प्रतिशत पर पहुंच गई है और हाईवे 4 हजार किलोमीटर से बढ़कर 13 हजार किलोमीटर पर पहुंच गए हैं। कांग्रेस के समय में समर्थन मूल्य पर सिर्फ 4 लाख टन गेहूं खरीदा जाता था, शिवराज सरकार ने पिछले साल 70 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है। उस समय 95 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी जाती थी, शिवराज सरकार ने 46 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी है। कांग्रेस के समय में हर साल प्रदेश में 620 डॉ टर तैयार होते थे, आज 4000 डॉ टर हर साल तैयार हो रहे हैं और मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी में भी हो रही है।

मोदी जी ने दुनिया में बुलंद किया भारत का झंडा

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार ने 9 सालों में दुनिया में भारत का झंडा बुलंद किया है। मोदी जी जहां जाते हैं, वहां मोदी-मोदी के नारे लगते हैं। ये नारे मोदी जी के लिए नहीं, बल्कि मालवा की धरती, मध्यप्रदेश और भारत के लिए लगते हैं। मोदी जी ने देश को सुरक्षित बनाया है। सोनिया-मनमोहन की सरकार के समय पाकिस्तान से आलिया, मालिया, जमालिया आते थे और बेकसूर लोगों को गोली मारकर चले जाते थे। वह सरकार उफ तक नहीं करती थी। आप सभी के वोटों से देश में नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनी। लेकिन पाकिस्तान भूल गया था कि देश में अब सोनिया-मनमोहन की सरकार नहीं है। आतंकियों ने उड़ी और पुलवामा में हमारे जवानों पर हमला किया, मोदी सरकार ने 15 दिनों के अंदर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके आतंकियों की उनके घर में घुसकर धज्जियां उड़ा दी। कांग्रेस 70 सालों तक धारा 370 को गोदी में रखकर पालती रही। मोदी जी की सरकार ने धारा 370 हटा दी। उस समय कांग्रेस, यूपीए और अन्य दलों ने मिलकर इसका विरोध किया था। ` या ऐसी कांग्रेस को कोई वोट दे सकता है?

प्रदेश में फिर कमल खिलाने, मोदी जी को फिर प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लें

श्री अमित शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर मैं स्व. कुशाभाऊ ठाकरे और स्व. राजमाता जी को भी प्रणाम करता हूं। आज मध्यप्रदेश का पार्टी संगठन देश का नं.-1 संगठन है और इसे गढ़ने में स्व. कुशाभाऊ ठाकरे ने दधीचि की तरह अपनी अस्थियां गला दीं, तो राजमाता जी राजघराने की मर्यादा लांघकर गांव-गांव और गली-गली घूमीं। श्री शाह ने कहा कि मैं प्रदेश की जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिसने 2014 तथा 2019 के चुनाव में भाजपा की झोली वोटों से भर दी और 15 महीनों को छोड़कर 2003 के बाद से प्रदेश में लगातार भाजपा की सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चार महीने बाद विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं और आज मालवा की धरती से हम अपने चुनाव अभियान की शुरूआत कर रहे हैं। इंदौर के बाद ऐसे ही कार्यकर्ता स मेलन पूरे प्रदेश में होंगे। श्री शाह ने कहा कि आप सभी यहां से यह संकल्प लेकर जाएं कि हम परिश्रम की पराकाष्ठा करेंगे और 2023 में रिकॉर्ड बहुमत से प्रदेश में भाजपा की सरकार तथा 2024 में मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएंगे। 2019 के लोकसभा चुनाव में एक सीट कम रह गई थी, लेकिन इस बार पूरी 29 सीटों पर कमल खिलाएंगे।

महाकाल दर्शन करने आए युवक ने यात्रीगृह से कूदकर की आत्महत्या, दोस्त से विवाद के बाद छत से लगाई छलांग

उज्जैन। महाकाल दर्शन करने आया छत्तीसगढ़ का युवक शनिवार रात 11 बजे के लगभग शगुन यात्रीगृह की छत से कूद गया। सिर में गंभीर चोट लगने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉ टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना का पता चलने पर मौके पर पहुंची गई थी।

छत्तीसगढ़ के जिला बेमेतरा ग्राम नांदल थाना नवागढ़ से बाबा महाकाल के दर्शन करने 15 दोस्तों का दल शनिवार सुबह उज्जैन पहुंचा। उन्होंने कहारवाड़ी स्थित शगुन यात्रीगृह में तीसरी मंजिल पर कमरा नंबर 13 और 30 रुकने के लिए बुक किया था। दिनभर सभी ने महाकाल दर्शन किए और महाकाल लोक घूमा। रात को कुछ दोस्त खाना खाकर होटल लौट आए थे। जो यात्रीगृह की छत पर घूम रहे थे। उसी दौरान पुरूषोत्तम पिता तुलसी साहू 25 वर्ष छत से नीचे कूद गया। जमीन पर गिरते ही सिर में गंभीर चोट लगी और खून से लथपथ हो गया। उसे तत्काल यात्रीगृह कर्मचारी ने आटो की मदद से दोस्तों के साथ जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉ टरों ने मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि पुरूषोत्तम की किसी बात पर फोटोग्राफी करने वाले साथ आये दोस्त अजय साहू से किसी बात पर कहासुनी हुई, जिसके बाद पुरूषोत्तम कूद गया। घटना की जानकारी लगते ही महाकाल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। दोस्तों ने बताया कि पुरूषोत्तम का विवाह नहीं हुआ था। वह चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। परिवार खेती किसानी का काम करता है। महाकाल थाना एसआई जयंत डामोर ने बताया कि मामले में मर्ग कायम किया जा रहा है। रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा और दोस्तों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

जबलपुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, नशीले इंजे शन के जखीरे के साथ दो आरोपी गिर तार

जबलपुर। कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पिछले कई महीनों नशीले इंजे शन का कारोबार चल रहा था जिसपर जुलाई माह में लगातार फुटकर नशीले इंजे शन बेचने वालों को पकड़ते हुए सघन पूछताछ में नशीले इंजे शन पूरे शहर में इंजे शन सप्लाई करने वाले सरगना नीरज परियानी को हिरासत में लिया गया जो कि ओमती इलाके में अपनी दवाई की दुकान से इंजे शन की सप्लाई करता था जिसके बाद नीरज परियानी ने पुलिस को बताया कि वह राकेश विश्वकर्मा नामक युवक से नशीले इंजे शन की खेप बुलवाया करता था।

मध्यप्रदेश एक बार फिर टाइगर स्टेट बना - मु यमंत्री

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में सर्वाधिक 785 बाघ मध्यप्रदेश में है, जिनकी वजह से प्रदेश को यह गौरव पुन÷मिला। मध्यप्रदेश एक बार फिर टाइगर स्टेट बन गया है। वन विभाग और वन्य-प्राणियों की सुरक्षा में लगे सभी लोग बधाई के पात्र हैं, वन्य-प्राणियों की सुरक्षा का कार्य अत्यंत मेहनत और परिश्रम का है। समुदाय के सहयोग के बिना वन्य-प्राणियों की सुरक्षा संभव नहीं है। मध्यप्रदेश टाइगर स्टेट के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी अग्रणी है। मु यमंत्री श्री चौहान कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अपर मु य सचिव वन श्री जे.एन. कंसोटिया,

वन बल प्रमुख श्री रमेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ वन अधिकारी, वाईल्ड लाइफ बोर्ड के सदस्य तथा वन और वन्य-प्राणी प्रेमी उपस्थित थे।

चार वर्षों में बाघों की सं या 526 से बढ़कर 785 हुई

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ÷अत्यंत हर्ष की बात है कि हमारे प्रदेशवासियों के सहयोग और वन विभाग के अथक प्रयासों के फलस्वरूप, चार वर्षों में हमारे प्रदेश में जंगल के राजा बाघों की सं या 526 से बढ़कर 785 हो गई है। मैं पूरे प्रदेश की जनता को, वन एवं वन्य-प्राणियों के संरक्षण में उनके सहयोग के लिये ह्रदय से धन्यवाद और बधाई देता हूँ। आइये हम सब मिलकर अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर भावी पीढ़ियों के लिये प्रकृति संरक्षण का पुन÷ संकल्प लें।

मध्यप्रदेश तेंदुआ और घड़ियाल स्टेट भी है

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि टाइगर स्टेट के साथ-साथ मध्यप्रदेश तेंदुआ और घड़ियाल स्टेट भी है। गिद्ध और भेड़ियों की सं या में भी हम आगे हैं। गिद्धों को पुर्नस्थापित करने की हमारी कोशिशें लगातार जारी हैं। प्रदेश में इंसान की जिंदगी बेहतर बनाने के साथ-साथ वन्य-प्राणियों का अस्तित्व बनाये रखने का अभियान लगातार जारी रहेगा। वन्य-प्राणियों के अस्तित्व को बनाए रखने का कार्य वनवासियों के सहयोग से ही संभव है। प्राणियों के संरक्षण के लिए पर्यावरण संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है।

छायाचित्र प्रदर्शनी और वन्य-प्राणियों पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन

मु यमंत्री श्री चौहान ने म.प्र. के बाघों की छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदेश में बाघ संरक्षण पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पर केन्द्रित फिल्म दिखाई गई। मु यमंत्री ने फिल्म के कलाकारों को स्मृति-चिन्ह प्रदान किए।

उत्कृष्ट कार्य के लिए वन विभाग के कर्मचारियों का स मान

मु यमंत्री श्री चौहान ने वन विभाग के शासकीय सेवकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। वन विभाग के कर्मचारियों को सरवाइवल किट भी दी गई। कार्यक्रम में मु यमंत्री श्री चौहान को स्मृति-चिन्ह भेंट कर स मानित किया गया।

ई-टिकटिंग और मोबाइल एप का शुभारंभ

मु यमंत्री श्री चौहान ने वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल के ई-टिकटिंग एवं मोबाइल एप का शुभारंभ भी किया। इस एप से पर्यटकों को अब घर से ही ऑनलाइन टिकिट बुक करने की सुविधा मिलेगी। एप पर वन विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध रहेगी।

प्रकाशनों का विमोचन

मु यमंत्री श्री चौहान ने अंतर्राष्ट्रीय वन्य-प्राणी कॉन्फ्रेंस की रिपोर्ट, स्टेट वाईल्ड लाइफ ऐ शन प्लान तथा फि थ बर्ड्स सर्वे रिपोर्ट ऑफ गांधी सागर वाईल्ड लाइफ सेंचुरी (मंदसौर) सहित तीन पुस्तक का विमोचन किया।

अंजू के पाकिस्तान जाने के मामले की जांच करेगी मध्य प्रदेश पुलिस की स्पेशल ब्रांच

भोपाल। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने अंजू के पाकिस्तान जाने के मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि मध्य प्रदेश पुलिस की स्पेशल ब्रांच मामले की जांच करेगी। वहीं उन्होने विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास के मुद्दे पर मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होने कहा कि हमारा मुद्दा हमेशा विकास है। कांग्रेस की सरकार के बाद बीमारू मध्य प्रदेश को हम विकासशील की ओर लाए और विकासशील से विकसित तक लेकर आए हैं। उन्होने कहा कि आज प्रदेश में न माफिया है, न ने सली है, न सिमी है न डाकू है। उन्होने कहा कि बीजेपी ने पूरे प्रदेश की तस्वीर बदलकर रख दी है और ये बदलाव जनता देख रही है।

गृहमंत्री ने अमित शाह के मध्यप्रदेश दौरे को लेकर कहा कि वे हमारे नेता हैं, जिनपर पूरी पार्टी को गर्व है। उन्होने कहा कि अमित शाह आधुनिक भारत के लोह पुरुष हैं जिन्होने कार्यकर्ताओं को सर्वोपरि बताया और कहा है कि कार्यकर्ता ही सरकार बनाते हैं, मंच पर बैठे लोग नहीं। वहीं चर्चिच अंजू मामले पर कहा कि अंजू के पाकिस्तान जाने के मामले पर सरकार को इंटरनेशनल कॉन्सपिरेसी का शक है। जिस तरह से अंजू की पाकिस्तान में आवभगत हो रही है, उससे शक पैदा हो रहा है। उन्होने कहा कि उसके पाकिस्तान पहुँचने पर अनेक संदेह पैदा हुए हैं और इसीलिए मैंने स्पेशल ब्रांच को जाँच के निर्देश दिए है।

प्रदेश में हो रहे ट्रांसफर को लेकर कांग्रेस सवाल उठा रही है। इसपर नरोत्तम मिश्रा ने पलटवार करते हुए कहा कि वो खुद आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी पार्टी है। उन्होने कहा कि 'अधिकारियों के तबादले सामान्य एवं सतत प्रक्रिया है। 18 महीनों के संक्षिप्त कार्यकाल में हजारों की सं या में थोकबंद तबादले कर ट्रांसफर उद्योग चलाने वाली कांग्रेस का इस प्रक्रिया पर सवाल उठना सोच का एवं शोध का विषय है।'

भोपाल का गो-काष्ठ अन्य राज्यों का भी बचा रहा वन एवं पर्यावरण

देश में मशहूर हो रहा है भोपाल का गो-काष्ठ मॉडल

भोपाल । पृथ्वी पर प्राणी मात्र के अस्तित्व के आधार जंगल और स्वच्छ पर्यावरण को बचाने की एक अनूठी अलख जगी है, मध्यप्रदेश के भोपाल से। गो-काष्ठ मेन ऑफ इंडिया कहे जाने वाले सेंट्रल पॉल्यूशन बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. योगेन्द्र कुमार से सेना द्वारा 5 साल पहले भोपाल में शुरू की गई मुहीम से अब तक 5 लाख 10 हजार क्विंटल लकड़ी और तकरीबन 3400 एकड़ का वन क्षेत्र बच सका है। वहीं गोबर के आय परक होने से गो-शालाओं में बेसहारा, वृद्ध और अनुपयोगी गायों की पूछ-परख बढ़ गई है। शव दहन, होलिका दहन, औद्योगिक बायलर, होटल के तंदूर एवं अलाव आदि में लकड़ी का स्थान गो-काष्ठ लेने लगा है। डॉ. से सेना ने बताया कि गो-काष्ठ के जलने से 24.80 प्रतिशत कार्बन डाई ऑ साइन का उत्सर्जन कम होता है। नमी कम होने के कारण गो-काष्ठ जल्दी जल जाता है और आम की लकड़ी देर तक जलती रहती है। सामान्य लकड़ी से शव दहन को 8 से 9 घंटे लगते हैं, जबकि गो-काष्ठ से यह प्रक्रिया 4-5 घंटे में पूरी हो जाती है। सामान्य लकड़ी की खपत 4 से 5 क्विंटल के विरूद्ध गो-काष्ठ केवल ढ़ाई से 3 क्विंटल ही लगता है। हिन्दु मान्यता के अनुसार यह पवित्र होने के साथ सस्ता भी पड़ता है।

भोपाल के 10 श्मशान घाट में आमजन गो-काष्ठ का प्रयोग स्वेच्छा से करने लगे हैं। भोपाल ही नहीं दिल्ली, बनारस, कानपुर, नागपुर, मु बई, जयपुर, अमरावती, रोहतक, रायपुर, इंदौर, कटनी, छिंदवाड़ा, नासिक, प्रयागराज आदि शहरों में भी भोपाल के गो-काष्ठ का प्रयोग अंतिम संस्कार के लिये किया जा चुका है।

भोपाल गो-काष्ठ पूरे देश में एक मॉडल के रूप में स्थापित हो चुका है। केन्द्र शासन द्वारा राज्यों को राष्ट्रीय स्तर पर भोपाल मॉडल को आधार बनाते हुए गो-काष्ठ निर्माण और उपयोग के लिये दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। भोपाल में साढ़े 3 लाख क्विंटल गौ-काष्ठ का उपयोग हो चुका है। इसमें से 80 हजार क्विंटल गो-काष्ठ होलिका दहन में उपयोग हुआ। गो-काष्ठ के एवज में लगभग 85 हजार पेड़ कटने से बचे हैं। डॉ. से सेना की देख-रेख में बुधनी की वर्धमान इंडस्ट्रीज में केप्टिव पॉवर प्लांट में फेबरिक के निर्माण में ईंधन के रूप में गो-काष्ठ का प्रयोग हुआ। इससे 19 मेगावॉट की बिजली बनाई गई, जो बिल्कुल कोयले की तरह जली। गो-काष्ठ के उपयोग से 30 प्रतिशत प्रदूषण भी कम होता है। केप्टिव पॉवर प्लांट मं 135 टन प्रति घंटे क्षमता का बायलर है, जिससे अधिकतम 115 टन प्रति घंटे भाप का उत्पादन किया जाता है और 24 मेगावॉट के प्लांट में अधिकतम 19 मेगावॉट बिजली बनती है, जिसके लिये रोज 360 टन कोयला इस्तेमाल होता है।

BJP ने जारी की घोषणा पत्र समिति, मलैया बनाए गए प्रमुख, कई दिग्गजों के नाम कटे

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए BJP ने अपना मेनिफेस्टो यानी घोषणा पत्र तैयार करने वाली समिति का एलान कर दिया है. जयंत मलैया की अध्यक्षता वाली 19 सदस्यों की इस समिति में कई दिग्गज नेताओं को साइडलाइन किया गया है, जिसके बाद प्रदेश की सियासत गरमा गई है. लिस्ट में केंद्रीय मंत्री डॉ टर वीरेंद्र खटीक, पूर्व सीएम उमा भारती, पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन, गोपाल भार्गव, जयभान सिंह पवैया आदि के नाम नहीं है.

BJP ने दिग्गज नेताओं को किया दरकिनार÷ BJP घोषणा पत्र समिति में पार्टी के कई वरिष्ठ और दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हीं है. लिस्ट में केंद्रीय मंत्री डॉ टर वीरेंद्र खटीक, पूर्व सीएम उमा भारती, पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन, केंद्रीय पार्लियामेंट बोर्ड के सदस्य सत्यनारायण जटिया, कृष्ण मुरारी मोघे, विक्रम वर्मा, गोपाल भार्गव, जयभान सिंह पवैया और पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा का नाम शामिल नहीं होने से सियासी सनसनी फैल गई है.

वीरेंद्र खटीक को पत्र लिखना पड़ा भारी

एमपी से मोदी केबिनेट में सभी मंत्रियों को मध्य प्रदेश इले शन कमेटियों में जगह मिली है, लेकिन सिर्फ वीरेंद्र खटीक ही ऐसे मंत्री हैं, जिन्हें जगह नहीं मिली. अब इसे लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं कि ` या खटीक को पत्र लिखना भारी पड़ गया? दरअसल, कुछ दिनों पहले सीएम शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक ने पत्र लिखकर 10 साल पुरानी घोषणाओं को पूरा करने का रिमाइंडर भेजा था. इस पत्र में साफ जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री ने लिखा था कि 2013 और 2018 इले शन से ठीक पहले दो बार एक ही काम की घोषणा हुई, पर अब तक यह काम पूरे नहीं हुए हैं. यह पत्र काफी सुर्खियों में आया था. इसके बाद सरकार की किरकिरी भी हुई थी.

जयंत मलैया ने दिया बयान

घोषणा पत्र समिति का अध्यक्ष बनने के बाद पूर्व मंत्री जयंत मलैया ने कहा- घोषणा पत्र को लेकर सभी साथियों के साथ बैठकर चर्चा करेंगे. नौजवानों ,महिलाओं ,किसानों और शोषित-वंचित वर्गों के लिए बीजेपी हमेशा काम करती रही है. इस बार भी हम सब इसी दिशा में काम करेंगे. कांग्रेस के वचन पत्र से हमारा कोई लेना-देना नहीं. हमारा घोषणापत्र हमारी अपनी सोच है. वहीं, कांग्रेस से मुकाबला करने के सवाल पर जयंत मलैया ने कहा- पिछली बार जो वादे कांग्रेस ने किए थे, कर्जमाफी तक का वादा पूरा नहीं कर पाए 2 लाख रुपए तक का कर्जा किसी का माफ नहीं हो पाया. कांग्रेस सिर्फ कहने के लिए वादे कर रही है. मैं उस समय वित्त मंत्री था. मुझे तो पता था कि सरकार की हालत ही ऐसी नहीं थी कि 2 लाख तक का कर्ज माफ हो सके.

समरसता यात्रा का लखनवाड़ा, कारीरात, मातृधाम तथा फुलारा में हुआ आत्मीय स्वागत

यात्रा को फुलारा से दी गई छिंदवाड़ा जिले के लिए विदाई

सिवनी यशोः- संत शिरोमणि रविदास जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने तथा उनके समरसता के संदेश को प्रसारित करने के उद्देश्य आयोजित समरसता यात्रा चतुर्थ दिवस सिवनी से छिंदवाड़ा जिलें के लिए प्रस्थान हुई। चतुर्थ दिवस की यात्रा का प्रारंभ ग्राम लुघरवाड़ा से पादुका पूजन से हुआ। मध्य प्रदेश गोपालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि,जन अभियान परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जामदार, विधायक दिनेश राय, आलोक दुबे, अशोक तेकाम, अजय डागोरिया, गजानंद पंचेश्वर, श्रीनिवास मूर्ति, आशीष माना ठाकुर, नगरपालिका उपाध्यक्ष ज्ञानचंद सनोड़िया, कले टर क्षितिज सिंघल, मु य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती निधि राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पादुका पूजन कर यात्रा को रवाना किया।

समरसता यात्रा लुघरवाड़ा से प्रारंभ होकर सिवनी नगरीय क्षेत्र होती हुई ग्राम लखनवाड़ा, कारीरात, मातृधाम तथा फुलारा होती हुई छिंदवाड़ा जिलें के लिए प्रस्थान हुई। इस दौरान स्थानीय रहवासियों द्वारा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया तथा पादुका पूजन कर सागर जिलें में बनने वाले संत रविदास के भव्य मंदिर के लिये मिट्टी और जल भेंट किये। यात्रा के साथ चल रहे जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ जितेन्द्र जामदार, विधायक दिनेश राय, आलोक दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा प्रबुद्ध जनों ने अपने उद्बोधन के माध्यम से समरसता यात्रा के उद्देश्य तथा संत शिरोमणि रविदास जी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया। और संत रविदास जी की मंशा के अनुरूप समरस समाज निर्माण के लिये सभी से आग्रह किया

दिखावा साबित हुई छपारा में भाजपा की समरसता यात्रा

अनुसूचित जाति, जनजाति से दूरी बनाकर किया कार्यक्रम

छपारा यशोः- संत शिरोमणि रविदास जी के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने और उनके समरसता के संदेशों को प्रसारित करने के उद्देश्य से प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा समरसता यात्रा का आयोजन किया गयालेकिन समरसता यात्रा छपारा में मूल उद्देश्य भटकती हुई दिखाई दी जहां समरसता का मूल उद्देश्य है कि गरीब पिछड़े सामाजिकता से वंचित वर्ग को के बीच जाकर संत रविदास जी के विचारों को सांझा करना था और समाज में जो ऊंच-नीच जातिभेद की खाई बनी है उस खाई को मिटाने के लिए लोगों को जागरूक करना था यात्रा का मु य उद्देश्य है कि समाज में भेदभाव और जातिभेद को समाप्त करने के लिए सामाजिक भाईचारा निर्मित करना अनिवार्य है छपारा में यात्रा पहुंची तो लेकिन कुछ भाजपा कार्यकर्ता और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच सिमट कर रह गई

जानकारी हो कि समरसता यात्रा में केवलारी विधायक राकेश पाल और कुछ भाजपा के पदाधिकारी मौजूद थे यात्रा लखनादौन से गणेशगंज फिर 12ः00 बजे छपारा पहुंची जहां बायपास रोड से नक्षत्र लॉन में कार्यक्रम की औपचारिकता की गयी नक्षत्र लॉन में आयोजित कार्यक्रम केवल दिखावा साबित हुआ योंकि जिस उद्देश्य के लिए यात्रा आयोजित की गई थी यहाँ उद्देश्य से परे कार्यक्रम किया गया छपारा नगर में भाजपा के दर्जनों पदाधिकारी है किसी पदाधिकारी ने भी संत रविदास के अनुयायियों वर्ग को समरसता यात्रा में बुलाना उचित नहीं समझा पूरे कार्यक्रम में संत रविदास समाज के एक भी व्यक्ति नहीं पहुंचे इसी तरह गरीब पिछड़ों को भी कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया अधिकारियों और भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के बीच समरसता यात्रा का कार्यक्रम औपचारिक मात्र रह गया

रूपरेखा के विपरीत हुआ कार्यक्रम*

छपारा नगर में संत रविदास जी की समरसता यात्रा का कार्यक्रम की रूपरेखा मै यह था कि यात्रा का स्वागत स मान पश्चात संत रविदास जी पूजन आराधना के बाद मानवीयता पूर्ण सामाजिक विचारों का संबोधन किया जाकर समरसता भोज किया जाना था लेकिन जिस उद्देश्य के लिए समरसता यात्रा आयोजित की गई थी उसके लिए किसी भी संत रविदास समाज व बाल्मीकि समाज के लोगों को नहीं बुलाया गया केवल उच्च वर्ग विशेष के लोगों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भाजपा के कुछ नेताओं के बीच कार्यक्रम केवल दिखावा मात्र रह गया लोगों ने कहा कि यह सब वोट बैंक की राजनीति के लिए किया जा रहा है जबकि संत रविदास जी की यात्रा अंबेडकर वार्ड स्थित संत रविदास भवन में आयोजित होना था जहां जिस वार्ड में अनुसूचित जाति जनजाति के लोग रहते हैं उनके बीच जाकर समरसता भोज भी आयोजित होना था लेकिन कार्यक्रम आयोजकों ने अपनी मर्जी करते हुए नक्षत्र लॉन के अंदर कार्यक्रम की औपचारिकता पूरी की

विधायक निधि से स्मार्ट लास तैयार

सिवनी यशोः- गत दिवस ग्राम ताखला कला हायर सेकेंडरी स्कूल में मा. विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया द्वारा विधायक निधि से स्मार्ट लास प्रदान की गई थी... जिसका विधिवत विधायक के मु य आतिथ्य में एवं श्रीमती चित्रा शरद बिसेन जी की अध्यक्षता में रिबन काटकर ऐतिहासिक कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें ग्राम के सरपंच अजय परतेजी उपसरपंच गणेश ठाकुर जी एवं शाला परिवार शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया...

इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर शिक्षाविद एवं मोटिवेशनल स्पीकर शिक्षा क्षेत्र के सिवनी शहर का बड़ा संजय तिवारी जी की विशेष उपस्थिति रही उन्होंने छात्र छात्राओं को स्मार्ट लास की उपयोगिता और बच्चों के सर्वांगीण विकास कर ले कर मार्गदर्शन दिया..

विधायक श्री काकोड़िया द्वारा दी गई स्मार्ट लास की सौगात पर ग्राम के बेटे देवेंद्र ठाकुर द्वारा पूरे शाला परिवार एवं ग्राम की ओर से आभार व्यक्त किया गया.. साथ ही आज पुनः विधायक जी ने ताखाला कला हायर सेकेंडरी स्कूल को ?50000 की विधायक निधि बैठक व्यवस्था सुद्रण करने हेतु दी गई...

इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर उपस्थिति- श्रीमती चंद्रकला प्रभुदयाल ठाकुर सभापति, श्रीमती अनीता राहंगडाले पूर्व सरपंच, श्रीमती कविता ठाकुर, सरपंच महेंद्र सूर्यवंशी निवारी, सरपंच सजनवाडा सरराठी , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीलकंठ बाहेश्वर, शरद बिसेन ,सुनील लांझेवार, भूपेश कटरे,` ,पालन सिंह ठाकुर, शिवदयाल ठाकुर ,संतोष बोपचे, द्वारका प्रसाद ठाकुर, दुर्गेश रखेले, भूपेंद्र बोपचे पूर्व सरपंच, अविनाश ठाकुर, कृष्णा सिंह ठाकुर,फत्तूसिंह बोपचे, तोड़ाराम ठाकुर, पूरन सिंह ठाकुर, खि मा सिंह ठाकुर पूर्व सरपंच,प्रीतम बोपचे, मे खन सिंह ठाकुर, बंडु खोपड़ागड़े, नीलम सिंह ठाकुर, राजेश ठाकुरएवं समस्त गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ...

स्वरोजगार प्रशिक्षण प्राप्त करने ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

मंडला यशोः- जिले में स्वरोजगार की संभावना एवं स्वयं का रोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से मण्डला के लिए 25 प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षणार्थियों को जिला स्तर पर ही प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जायेगा। बोर्ड द्वारा विभिन्न रोजगारन्मुखी व्यवसायों जैसे- फैशन डिजाईनिंग, बेसिक सिलाई गारमेंट, लेदर क प्यूटर हार्डवेयर गुड्न, बेकरी, फूड प्रोसेसिंग फल एवं सब्जी (आचार, पापड़, मसाले एवं अन्य), रिपेयरिंग, क प्यूटर एकाउण्ट विथ टेली, घरेलू उपकरण मर मत, इले ट्रीशियन, प्ल बर, राज मिस्त्री, दोना पत्तल, टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर, मर मत, ट्रे टर रिपेयरिंग, क प्यूटर ऑपरेटर, कारपेंटर, मोबाईल रिपेयरिंग, जिक-जेक मशीन इ ब्रोइडरी, जरी जरदोसी, विडियोग्राफी, फोटोग्राफी, मोटर वाइरिंग मेनुअल ज्वेलरी डिजाईन, अगरबत्ती निर्माण, रिटेल सेल एसोसिएट आदि में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आवेदन ऑनलाईन 31 जुलाई से 5 अगस्त 2023 तक आमंत्रित किये गए हैं। कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन बोर्ड की विभागीय वेबसाईट पर किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए प्रबंधक, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला पंचायत मण्डला मोबाईल न बर- 8959500194 पर स पर्क कर सकते हैं।

विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

सिवनी यशोः- राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष राजीव एम आप्टे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के कुशल मार्गदर्शन विकास शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिवनी के निर्देशन तथा श्रीमती तनु गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी द्वारा दिनाक 31.07.2023 को शासकीय हाई स्कूल बींझावाड़ा जिला सिवनी में पौधारोपण एवं विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंच-ज अभियान के अन्तर्गत दिनांक 31.07.2023 को शासकीय हाईस्कूल बींझावाड़ा जिला सिवनी में पौधारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत पीपल, नीम, वट वृक्ष, इमली, बेल, कविट, आंवला, आम, जामुन और कंजई आदि 20 पौधों का रोपण किया गया।

मु यमंत्री युवा अन्नदूत योजनांतर्गत आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशोः- संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार 26 जुलाई 2023 अनुसार मु यमंत्री युवा अन्नदूत योजनान्तर्गत प्रदाय केन्द्र से उचित मूल्य दुकान तक राशन सामग्री के परिवहन हेतु मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत वाहन क्रय करने एवं सामग्री का परिवहन हेतु नि न से टर रिक्त होने के कारण नि नानुसार से टरों हेतु पुनः आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः-

छपारा से टर क्रमांक 18, उगली से टर क्रमांक 06, पांडिया छपारा से टर क्रमांक 05 उपरोक्त विकासखंडों के से टर्स हेतु दिनांक 28 जुलाई 23 से 7 अगस्त 2023 तक **SAMST Portal** पर आवेदन आमंत्रित किये जाने है।

राज्यपाल पटेल ने विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए रवाना किया

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी प्रशिक्षण के लिए ऑस्ट्रेलिया और फिलीपींस रवाना

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राजभवन से अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के विद्यार्थियों की बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। विश्व बैंक और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वित्तीय सहयोग से संचालित राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के संस्थान विकास कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के 18 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। इनमें से 8 विद्यार्थी ऑस्ट्रेलिया में और 10 विद्यार्थी फिलीपींस के उच्च कृषि शिक्षा संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल, विद्यार्थियों के माता-पिता, पालक, कुलपति डॉ अरविन्द कुमार शु ला एवं प्राध्यापक मौजूद थे।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने विद्यार्थियों और पालकों से चर्चा की। छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। माता-पिता से सतत संवाद करते रहने के लिए कहा। पालकों को बच्चों का निरंतर उत्साह वर्धन करने और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल को विश्वविद्यालय की शोध गतिविधियों की जानकारी दी गई। श्री अन्न अथवा मिलेट्स की विभिन्न प्रजातियों के नमूने दिखाए गए।

अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए वेस्टर्न सिडनी यूनिर्वसिटी आस्ट्रेलिया जाने वालो में कृषि महाविद्यालय ग्वालियर से निखिल खरे, कशिश यादव, शिवराज सिंह पोसवाल, आलोक चतुर्वेदी, कृषि महाविद्यालय सीहोर से तनु सिसौदिया, उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर से सुरभि आचार्य और कृषि महाविद्यालय, इंदौर से निकिता सोलंकी और आदेश कनेल शामिल हैं। आई.आर.आर.आई. मनीला फिलीपींस जाने वालो में कृषि महाविद्यालय ग्वालियर से स्नेहा विश्वास, स्नेहा शर्मा, सुरंजना कुमारी, प्राजिक्ता कटारे, कृषि महाविद्यालय इन्दौर से जयदीप पाठक, मुनीरा कौसर अंसारी, मरीना वी.एल., कृषि महाविद्यालय सीहोर से श्रुति तोमर, कृषि महाविद्यालय खण्डवा से अनुराग शर्मा और उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर से गार्गी त्रिपाठी शामिल हैं।

भाजपा शक्ति केंद्र डोली छतरपुर की बैठक संपन्न

सिवनी यशोः-आज शक्ति केंद्र डोरली छतरपुर की बैठक विधानसभा प्रभारी श्री दीपक जी एवं पूर्व नगर पालिका अध्ये छ श्री राजेश त्रिवेदी जी के नेत्रत्व मे संपन्न हुई जिसमे 2 अगस्त को होने वाले विधानसभा कार्यकरता स मेलन मे सभी बूथ अध्ये छ पेज प्रमुख एवं सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को उपष्ठित होने का आग्रह किया गया आज की बैठक में मु य रूप से अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश डेहरिया ग्राम पंचायत डोरली छतरपुर की सरपंच श्रीमती सरोज पटेल किसान मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री सुंदर लाल सनोडिया ग्राम पंचायत बोरदई के सरपंच एवं अल्पसं यक मोर्चा के जिला महामंत्री आसिफ जरदारी करकोटि मंडल के उपाध्यक्ष एवं उपसरपंच विनोद टे भरे जिला कार्यकारिणी सदस्य विनीश दुबे विवेकानंद वार्ड अध्यक्ष दीपक बघेल वेद सनोडिया जी सह संयोजक श्री मिथुन सनोडिया शक्ति केंद्र के सभी बूथ अध्यक्ष सर्वश्री राकेश पटेल, राजेश सनोडिया स्वरूपानंद सोनी , राकेश डेहरिया श्री डिल्लीराम सनोडिया, पूरन लाल सनोडिया, सुनील साहू , प्रदीप साहू , श्रीमती रीना सूर्यवंशी पंच श्रीमती मुन्नी बाजी पंच , सानकलाल पंच खिलाड़ी राम साहू, बूथ कोषाध्यक्ष एवं सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही सभी ने 2 अगस्त को राशी लान मे होने वाले विधानसभा स मेलन में अधिक से अधिक सं या में उपस्थित होने के लिए सभी पेज प्रमुख एवं अन्य सभी कार्यकर्ताओं से पहुँचने का आग्रह किया है

मु यमंत्री ने आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाकर बहनों को दिया रक्षाबंधन का उपहारः माया नारोलिया

रक्षाबंधन पर मु यमंत्री को लाड़ली बहना एवं आशा-ऊषा कार्यकर्ता बांधेंगी राखी

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ने आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं के मानदेय बढ़ाने पर मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश की मातृशक्ति की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रीमती माया नारोलिया ने कहा कि 5 मार्च को लाड़ली बहना योजना का शुभारंभ किया और 10 जून से मध्यप्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख बहनों को खाते में 1 हजार की राशि प्राप्त होने लगी है। जिसके पश्चात् मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं का ध्यान रखते हुए, उनका मानदेय 2000 से बढाकर 6000 कर बहनों को रक्षाबंधन पर्व से पहले बहनों को बहुत बड़ा उपहार दिया है। इस उपहार को आशा-ऊषा कार्यकर्ता बहने कभी भूल नहीं सकती और उन बहनों में अति हर्ष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि बहन और बेटी जब आर्थिक मज़बूती प्राप्त करती हैं, तभी समाज सशक्त होता हैं। मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने प्रदेश की सभी बहनों और भांजियों का याल रखा है। भाजपा की सरकार मेधावी बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए पूरी फ़ीस भर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की लाड़ली बहना और आशा-ऊषा कार्यकर्ता बहनें मध्यप्रदेश के 57 ज़िलों से राखी एवं मु यमंत्री जी के नाम हर्ष संदेश लिख रही हैं, जिसे रक्षाबंधन पर मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की कलाई में राखी बांधेगीं।

कांग्रेस सेवानिवृत कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में जिला कांग्रेस अधिकारी कर्मचारी सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि आप जैसे वरिष्ठ लोगो का साथ और सहयोग कांग्रेस पार्टी को मिल रहा है जिन्होंने अपना ल बा जीवन शासकीय सेवा में दिया, आपके अनुभव का लाभ कांग्रेस पार्टी को मिलेगा। जिला कांग्रेस कार्यालय आपके लिए हमेशा खुला है आप यहॉ कार्यालय में आकर पार्टी को मार्गदर्शन प्रदान कर सकते है। प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष महेन्द्र पंण्ड्या ने कहा कि 2003 में सरकारी कर्मचारियों के बीच फैली गलत फहमी के चलते कर्मचारियों में कांग्रेस के प्रति आक्रोश रहा जिसके कारण कांग्रेस सरकार को सत्ता से हटाना पड़ा, लेकिन इन 18 वर्षो की भाजपा सरकार में कर्मचारियों का कितना अहित हुआ यह हम अच्छी तरह समझ गये है। बैठक को स बोधित करते हुये घनश्याम खंडेवाल ने कहा कि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा प्रताड़ित नवयुवक, बेरोजगार हुये है भाजपा सरकार ने चंद उद्योगपतियों का भला किया है कर्मचारियों का सबसे ज्यादा अहित भाजपा सरकार ने ही किया है। संविदा कर्मचारियों को साल भर में 1 बार महंगाई भत्ता जबकि नियमित कर्मचारियों को साल भर में 2 बार महंगाई भत्ता दिया जा रहा है इसी तरह संविदा कर्मचारियों को वेतन वृद्धि 1 प्रतिशत और नियमित कर्मचारियों को 3 प्रतिशत दिया जा रहा है, संविदा कर्मचारियों की सेवा का मूल्यांकन कर वेतन वृद्धि दी जायेगी, जबकि नियमित कर्मचारियों को बिना मूल्यांकन वेतन वृद्धि दी जायेगी। बैठक को जिला कांग्रेस प्रभारीमहामंत्री जिला पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, जिला कांग्रेस संगठनमंत्री एड. पंकज शर्मा, प्रकोष्ठ पदाधिकारी संतोष पटेल, अरूण सैनी ने स बोधित किया। बैठक में श्रीकांत दुबे, सुनील शर्मा, वीरेन्द्र से सेना, घनश्याम हेडाउ, मोहन नामदेव, सुनील यादव, नेकीलाल भारद्वाज, मिथिलेश उइके, शशिकांत शर्मा, राजेश चैरसिया, श्री सेन, युसूफराज, शिवनारायण डहेरिया सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

से टर ऑफिसर्स की बैठक 3 अगस्त को होगी

मंडला यशोः- कले टर द्वारा व्हीएम-2 एवं व्हीएम-3 की समीक्षा 3 अगस्त 2023 को जिला योजना भवन के सभाकक्ष में 3 शि ट में आयोजित की गई है। प्रथम शि ट दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक जिसमें सर्व से टर ऑफीसर, पुलिस से टर अधिकारी रिजर्व सहित विधानसभा क्षेत्र 105 बिछिया तथा निवास उपस्थित रहेंगे। द्वितीय शि ट दोपहर 4 बजे से शाम 5 बजे तक जिसमें सर्व से टर ऑफीसर, पुलिस से टर अधिकारी रिजर्व सहित विधानसभा क्षेत्र 107-मंडला तथा तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिजर्व से टर ऑफीसर उपस्थित रहेंगे। बैठक में थानावार आर्म्स ऐ ट, आबकारी ऐ ट, प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों की भी समीक्षा की जाएगी। पूर्व में यह बैठक 1 अगस्त 2023 को नियत थी जिसे संशोधित करते हुए 3 अगस्त की तिथि नियत की गई है।

से टर अधिकारियों का प्रशिक्षण स पन्न

सिवनी यशोः- आगामी निर्वाचन संबंधी जि मेदारी का

विधानसभा निर्वाचन 2023 को लेकर नियुक्त किए गए से टर अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने कहा कि जिले में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण तथा व्यवस्थित निर्वाचन संपन्न करवाने के लिए प्रत्येक अधिकारी को सौंपी गई अक्षरशः पालन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्यों में से टर अधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करना होता है, अतः उपस्थित प्रत्येक अधिकारी आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में से टर के कार्यों को समझे तथा अपनी शंकाओं का समाधान मास्टर ट्रेनर के माध्यम से कराएं।

उल्लेखनीय है कि आगामी निर्वाचन को लेकर सोमवार 31 जुलाई को दो चरणों में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के से टर अधिकारियों का प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। जिसमें प्रदेशस्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा से टर अधिकारियों को उनके कार्यों, दायित्वों तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों से अवगत कराया गया। साथ ही अधिकारियों की शंकाओं का समाधान किया गया। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल द्वारा से टर अधिकारियों को से टर अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के निर्देश दिए। इसी तरह निर्वाचन सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 3 से 10 अगस्त के मध्य अपने मतदान केन्द्रों में उपस्थित होकर मतदाता सूची का वाचन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत पंवार नवजीवन विजय, अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चनाप सहित सभी रिटर्निंग अधिकारी तथा से टर के रूप में नियुक्त अधिकारी उपस्थित थे।

रिसोर्स पर्सन हेतु 14 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशोः- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन (पीएम एफएमई स्कीम) योजना के संशोधित दिशा निर्देशानुसार जिलास्तर पर लाभार्थियों को हैण्ड होल्डिंग सहायता उपलब्ध कराने के लिए पूर्व में चयनित जिला रिसोर्स पर्सन के अतिरिक्त अन्य जिला रिसोर्स पर्सन (फेसिलिटेटर के रूप में) चयन किया जाना है। जिसके लिए न्यूनतम योग्यता खाद्य प्रौद्योगिकी (फूड टे नोलॉजी) में डिग्री/ डिप्लोमा/ कृषि में डिग्री के साथ ही खाद्य प्रोद्योगिकी तथा डीपीआर बनाने का अनुभव होना जरूरी है। इसके अतिरिक्त अन्य व्यक्ति जैसे रिटायर्ड शासकीय अधिकारी/ बैंक अधिकारी, कंसलटैंसी फर्म इत्यादि जिन्हे खाद्य प्रौद्यागिकी तथा डीपीआर बनाने का अनुभव हो, वे भी आवेदन करने के पात्र होंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 14 अगस्त 23 है, इच्छुक व्यक्ति शैक्षणिक योग्तया के प्रमाण पत्र, स्वलिखित आवेदनमय दस्तावेज कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला सिवनी प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक ऑफ लाईन जमा कर सकते हैं। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक संचालक उद्यान सिवनी से कार्यालयीन समय पर स पर्क किया जा सकता है।

द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2023 कार्यक्रम 2 से 31 अगस्त तक

सिवनी यशोः- भारत निर्वाचन आयोग एवं मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन के निर्देशानुसार 2 अगस्?त से 31 अगस्त 23 तक मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 कार्यक्रम चलाया जा रहा है, कार्यक्रम अंतर्गत 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा एवं ऐसे मतदाता जिनके नाम मतदाता सूची में नहीं हैं वे अपने मतदान क्षेत्र के बीएलओ को आवश्यक दस्तावेज जमा कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकेंगे। यह कार्य ऑनलाईन एवं बीएलओ के माध?यम से ऑफ लाईन किया जाएगा। अभियान अंतर्गत मतदाता सूची में नाम हटवाने एवं संशोधन का कार्य भी किया जायेगा। 31 अगस्?त तक चलने वाले इस अ?भियान में 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदताओं से अपील है कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने अवश्य जुड़वाएं।

कांग्रेस की सरकार बनने पर कृषक न्याय योजना प्रारंभ होगी - कांग्रेस

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मु यमंत्री माननीय कमलनाथ जी के निर्देश

कांग्रेस ने पत्रकारों से चर्चा में कांग्रेस ने बताया कि कांग्रेस किसानों को पाँच हार्सपावर तक बिजली मु त देगी

पर जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा पत्रकार वार्ता ली गई जिसमें किसान कल्याण के लिए कमलनाथ ने पांच घोषणाएँ की उस संबंध में चर्चा की गयी। कांग्रेस सरकार प्रदेश में लागू करेंगी कृषक न्याय योजना, किसानों के लिए पांच सौगात देगी कांग्रेस सरकार। किसानों की सिंचाई के लिए 5 हार्सपावर तक के स्थायी एवं अस्थायी प प पर निःशुल्क बिजली दी जायेंगी। . प्रदेश में किसानों का कर्ज माफ किया जायेगा। किसानों पर लगाये गये अन्यायपूर्ण मामले वापस लिये जायेंगे। किसानों के कृषि उपयोग के पुराने बिल की बकाया राशि माफ की जायेगी । किसानों को 12 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध करायी जायेंगी।

कृषि की बढ़ती लागत और डीजल के आसमान छूते दामों को देखते हुये किसानों को राहत देने के लिए कांग्रेस पार्टी कृषक न्याय योजना लागू करने के लिए वचन बद्ध है। हमने योजना के पहले चरण में कर्ज माफी की गारंटी दी है। हम किसानों के दर्द को समझते है, बिजली की कमी, खराब ट्रांसफारमर्सो को बदलना, बिजली जोरी के झूठे आरोप और दमन के लिखलाफ आवाज उठाने वाले किसानों के विरूद्ध दर्ज आपराधिक मामलो को वापस लेंगे।

मध्यप्रदेश का किसान आमजन मंहगे बिजली के बिल की वसूली और भारी बिजली कटौती से त्रस्त है। प्रदेश के गांवों में 10-10 घंटे अघौषित बिजली कटौती की जा रही है, शिवराज सिंह ने प्रदेश को अंधकार युग में ढकेंल दिया है। मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था और सामाज व्यवस्था खेती पर टिकी हुई है जिसके आधार स्त भ हमारे किसान भाई है। किसानों को एमएसपी पर दिये जाने वाला बोनस बंद कर दिया गया है।

शिवराजसिंह ने हमेशा किसान विरोधी रूख अपनाया है। मध्यप्रदेश में भाजपा राज में 20489 किसानों ने आत्म हत्या की है। एक तरफ शिवराज सिंह सरकार एक तरफ किसान स मान निधि की बात करती है दूसरी तरफ प्रदेश के लाखो किसानों को जानबूझकर अपात्र घोषित कर उन्हें वसूली के नोटिस दी गई है किसानों को फसल बीमा की राशि समय पर नही मिल रही है, शिवराज सरकर 2017 में मंदसौर के किसानों पर गोली चलाई थी लेकिन अपनी किसान विरोधी नीति के स्वरूप का परिचय देते हुये शिवराज सरकार ने आज तक मंदसौर गोलीकांड की जांच रिपोर्ट पटल पर नही रखी। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार किसानों के विरोध में तीन काले कृषि कानून बनाये, तो शिवराज सरकार ने काले कानून का पूरा समर्थन किया।

कांग्रेस सरकार ने किसान की कर्जमाफी शुरू की थी और प्रथम चरण में प्रदेश के 27 लाख किसानों का कर्ज माफ कर दिया था, लेकिन प्रदेश में सौदेबाजी से बनी भाजपा सरकार ने किसान कर्जमाफी समाप्त कर प्रदेश के 38 लाख किसानों को डिफाल्टर घोषित करा दिया। किसानों को बाढ़, अतिवृष्टि और ओलावृष्टि सहित कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान का मुआवजा भी शिवराज सरकार ने सही समय पर नही दिया।

भाजपा की समरसता यात्रा पर पत्रकारो के सवाल का जवाब देते हुये विष्णु करोसिया ने कहा कि प्रदेश में समरसता है ही नही यह बात भाजपा अच्छे तरह जानती है यही कारण है कि उन्हें समरसता यात्रा निकालना पड़ रही है अनुसूचित जाति के अधिकारों का हनन सबसे ज्यादा भाजपा सरकार में हुआ है। यही भाजपा है जिन्होंने दिल्ली में संत रविदास जी का मंदिर तुड़वाया, प्रदेश में अनुसूचित जाति के लोगो पर अत्याचार का यह हाल है कि दलित समाज के दुल्हें को घोड़ी पर चढ़ने नहीं दिया जाता, दबंग लोगो ने दलित समाज के लोग घर के सामने से निकले तो अपनी चप्पल सर पर रख कर निकले, वह अपनी इच्छा से मंदिर नही जा सकते। खुरई ग्राम पंचायत में एक दलित समाज के युवक को इस लिए पीट दिया जाता है कि उसने मंदिर के सामने भगवान के जयकारे लगा दिये, आज देश में दलित अत्याचारों में मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर है। उन पर सबसे अधिक अत्याचार किये जा रहें है भाजपा सिर्फ दिखारे के लिए समरसता यात्रा निकालकर सरकारी पैसा का दुरूपयोग करने का काम कर रही है। प्रदेश में आदिवासियो के उपर भी अत्याचार हो रहें है नेमावर हो या सिमरिया, सीधी पूरे प्रदेश में आदिवासी भाजपा शासन से प्रताड़ित है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस संगठनमंत्री एड. पंकज शर्मा, जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री जिला पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह लल्लू भैया, मोहनसिंह चंदेल, विष्णु करोसिया, अतुलचंद मालू, एड. दादू निखिलेन्द्रनाथ सिंह, राजिक अकील, सुजीत नाहटा, दीवान आजम अली, एड. शाहिद रज, राजेश मानाठकुर, सुमित मिश्रा, विनोद यादव, गेंदलाल भलावी, टिकेन्द्र देशमुख, विनोद नाग उपस्थित रहें।

जिला जेल में दी गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

मंडला। वर्तमान में संक्रामक बीमारियों के खतरे को दृष्टिगत रखते हुए जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जिला जेल के पुरूष एवं महिला बैरक में जाकर स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। विशेष रूप से वर्तमान में संक्रमित बीमारी आई. लू से बचाव के विषय में बंदियों को समझाईश दी गई। बंदियों को स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उन्हें उपचार हेतु तत्काल जिला चिकित्सालय मण्डला में उपस्थित कराने हेतु कहा गया। चिकित्सकों द्वारा जेल परिसर में स्वच्छता का अवलोकन करते हुए भी आवश्यक समझाईश दी गई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक ए.एस. ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. विजय सिंह धुर्वे, डॉ. मुकेश मरावी अस्थि रोग, डॉ. अंकित चौरसिया शिशु रोग एवं डॉ. अंशुल शर्मा चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

जिले में 695.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई

सिवनी यशोः- भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून 23 से 31 जुलाई 23 तक जिले में 695.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 625.5 मि.मी, कुरई में 541.0 मि.मी., बरघाट में 727.0 मि.मी., केवलारी 512.2 मिमी, छपारा 609.0 मि.मी, लखनादौन में 1041.9 मिमी, धनौरा में 799.9 मिमी एवं घंसौर में 708.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 5565.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 31 जुलाई को 23 को जिले में कुल 5771.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

पेंशन योजना के हितग्राहियों का उनके घर एवं खेत जाकर किया जा रहा है ई-केवायसी

शासन द्वारा समग्र पेंशन पोर्टल पर पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों की E-KYC करने के निर्देश दिये गये हैं।

बालाघाट । पेंशन योजना के हितग्राहियों का उनकेघर एवं खेत जाकर किया जा रहा है ई-केवायसीशासन द्वारा समग्र पेंशन पोर्टल पर पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों की श्च-च्ङ्घष्ट करने के निर्देश दिये गये हैं। जनपद पंचायत कटंगी में विभि-?न पेंशन योजनाओं के पात्र हितग्राही जो ग्राम पंचायत अथवा सीएससी(ष्टस्ष्ट) सेंटर जाकर समग्र में ई-केवायसी (श्च-च्ङ्घष्ट) नही कर पा रहे हैं, उनके घर एवं खेत मे जाकर किया जा रहा है उनका ई-केवायसी (E-KYC) किया जा रहा है।कले टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, जिला पंचायत मु य कार्यपालन अधिकारी श्री डी एस रणदा एवं उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के आदेशानुसार एवं मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद? पंचायत कटंगी, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत कटंगी की समस्त ग्राम पंचायतों में पेंशनरों की समग्र ईकेवायसी का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत महकेपार के रोजगार सहायक आशिष वासनिक, जनसेवा मित्र पुजा उइके, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता माधुरी गौपाले, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति धनेश्वरी पर्वत, कोटवार श्रीमती दुर्गा पिलगेर, कंप्यूटर ऑपरेटर गिरिजाशंकर कोटकार द्वारा विषम परिस्थितियों में घर घर जाकर निराश्रित हितग्राहियों का श्च-द्म4ष् किया जा रहा है,जो किसान घर पर नही मिल पा उनका खेत में जाकर श्च-च्ङ्घष्ट किया जा रहा है। ग्राम पंचायत महकेपार का कुल लक्ष्य-742 था जो अब तक 432 हितग्राहियों का श्च-च्ङ्घष्ट हो चुका है शेष 310 हितग्राहियों का श्च-च्ङ्घष्ट अगले 4 दिनों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

सर्पदंश के बचाव, इलाज एवं भ्रांतियाँ

मंडला यशोः- बरसात के दिनों में सर्प के काटने के अत्यधिक केस आते हैं। सर्प के काटने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। आमजन सर्पदंश को अनदेखा न करें। पीड़ित को किसी नजदीकी अस्पताल में तुरंत लेकर जाएं। झाड़-फूक में ना रहें। सांप के दांत के नीचे विष की थैली होती है। सर्प काटने पर विष सीधे शरीर में खून के माध्यम से फैल जाता है। सामान्यतः जहरीले सापों के काटने पर दांतों के दो निशान अलग ही दिखाई देते हैं। गैर विषैले सांप के काटने पर दो से ज्यादा निशान हो सकते हैं। परंतु ये दिखाई नही देते हैं। ये सोचना गलत होगा कि सांप ने नहीं काटा। ज्यादातर सांप गैर विषैले भी होते हैं। सांप के काटने पर लगभग 95 प्रतिशत मामलों में पहला लक्षण नींद का आना, इसके साथ ही निगलने या सांस लेने में तकलीफ होना। आमतौर पर सर्पदंश पर आधे घंटे बाद लक्षण दिखाई देने लगते हैं। रस्सी से ना बांधे, ब्लेड से ना काटें। पारंपरिक तरीकों का इस्तेमाल न करें। मुँह से खून ना चूसें। ओझा-गुनिया के पास ना जायें। अंधविश्वास में ना पड़ें। गीले कपड़े से डंक के जगह की चमड़ी को साफ करें जिससे वहाँ पर लगा विष निकल जाये। सांप काटे व्यक्ति को करवट सुलायें योंकि कई बार उल्टी भी होने लगती है, करवट सुलाने से उल्टी श्वसन तंत्र में ना जाये। जहाँ पर सांप ने काटा है उस स्थान पर कपड़े से हल्का सा बाँध देवें ताकि हिलना-डुलना बंद हो जाये।

4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

मंडला। जानकारी के अनुसार मृतक नारायणसिंह ग्राम लावरमुड़िया निवासी की सर्पदंश से मृत्यु होने के कारण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास द्वारा मृतक के निकटतम वारसान को कुल 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। मृतक के निकटतम वारसान आवेदक मुन्नालाल को कुल 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। यह राशि संबंधित के बैंक खाते में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

कान्हा टायगर रिजर्व द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस का आयोजन

मंडला यशोः- कान्हा टाईगर रिजर्व द्वारा एकलव्य आदर्श विद्यालय सेमरखापा में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अंतर्गत बाघ संरक्षण संबंधी चेतना के प्रचार-प्रसार एवं क्षेत्रीय गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, निवास विधायक अशोक मर्सकोले, कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, जिला पंचायत सीईओ श्रेयान्स कूमट, कान्हा टाईगर रिजर्व के उपसंचालक पुनीत गोयल, उपसंचालक बफरजोन वनमण्डल मण्डला एन.एस. यादव सहित संबंधित उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि लुप्त हो रहे वन्यप्राणियों को संरक्षित करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मंडला की पहचान टाईगर के कारण बनी है। उन्होंने कहा कि कान्हा वन विभाग क्षेत्र में लोकल लोगों को प्राथमिकता दें तथा यूजियम को समय-समय पर प्रमोट भी करें। पार्क में पर्यटक को सर्वाधिक सुविधा प्रदान करें। निवास विधायक डॉ. अशोक मर्सकोले द्वारा बाघ संरक्षण की गतिविधियों एवं संरक्षण के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने क्विज प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने जिले के इतिहास को ज्यादा से ज्यादा जानने और समझने का प्रयास करें।

बाघ दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले स्कूली छात्र/छात्राओं जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरूस्कार एवं प्रसंशा पत्र से स मानित किया गया। इस दौरान कान्हा टाईगर रिजर्व के विभिन्न परिक्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों एवं सुरक्षा श्रमिकों को भी बाघों के संरक्षण में किये गये अथक प्रयासों के लिए प्रशस्ति पत्र से स मानित किया गया।

कान्हा टाईगर रिजर्व के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों/श्रमिकों के अध्यनरत 184 छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति हेतु आदित्य जैन फाऊंडेशन से अनुदान स्वरूप प्राप्त सहयोग राशि रू. 5.36 लाख रूपये प्रदाय किया गया। इसके साथ ही कान्हा टाईगर रिजर्व के अंतर्गत 164 ईको विकास समितियों को ग्रामों के विकास के लिए राशि रू. 4.92 करोड़ रूपये पर्यटन से प्राप्त आय का एक अंश के रूप में प्रदाय की गई।

चिहिन्त एवं जघन्य सनसनी मामले में हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं जुर्माना

मंडला यशोः-प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीष जिला मण्डला द्वारा आरोपी दीपक वासनिक पिता श्याम वासनिक उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम पुआमा, थाना देहात छिंदवाड़ा जिला छिंद्वाड़ा (म.प्र.) को धारा 27(1) आयुध अधिनियम में 05 वर्ष का कठोर कारावास एवं धारा 302 भा.द.स. में आजीवन कारावास एवं कुल 5500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है, फरियादी ने दिनांक 29.06.2020 को थाना कोतवाली मंडला में इस आषय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह जिला पंचायत मंडला में चपरासी के पद पर पदस्थ है। दिनांक 29.06.2020 को करीब 11:00 बजे आवक-जावक का कार्य कर रहा था तभी एक लड़का हाथ में लोहे का बका धारदार हथियार लेकर फोटोकॉपी कमरे में गया और वह भी उसके पीछे गया तो वहाँ फोटो कॉपी में काम कर रही दुर्गा मरावी पर जान से मारने के नियत से उसके सिर पर धारदार बका से लगातार वार करने लगा। दुर्गा बोल रही थी दीपक वासनिक मुझे मत मारो मै काफी घबरा गया। उसे मैने काफी मना किया और दुर्गा को बचाने की कोषिष की किन्तु वह नहीं माना और उस पर बार-बार जाने से मारने की नियत से बका से वार करने लगा जिससे उसके शरीर पर कई जगह चोट लगी व पूरे कमरे में खून फैल गया। लड़की दुर्गा चीखते हुये दौड़ लगाते हुये कमरे से भागी तो वह व्यक्ति भी उसके तलाष में पीछे भागा और स्टोनो साहब के कमरे में जाकर वहां भी उसके साथ बका से लगातार वार करने लगा जिससे वह खून से लथपथ होकर कमरे के फर्स पर बेहोष होकर गिर पड़ी दुर्गा मरावी के सिर व शरीर में चोट आई कुछ देर बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया। उक्त घटना की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली के द्वारा आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 212/20 अन्तर्गत धारा 307,302 भा.द.स. एवं धारा 27 आयुध अनियिम की धारा के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की संपूर्ण विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुयें विचारण उपरांत माननीय प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीष जिला मण्डला द्वारा आरोपी दीपक वासनिक पिता श्याम वासन्कि उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम पुआमा, थाना देहात छिंदवाड़ा जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) को दोषी पाते हुये उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी अरूण कुमार मिश्रा के द्वारा की गई है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297